# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**

## PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS COMPILED BY MEDIA CELL (10.06.2025)

**HINDUSTAN, MUZAFFARPUR**
**DATE:10.06.2025, PAGE-06**

## सहायक प्राध्यापकों का सीनियर स्केल में प्रमोशन

मुजफ्फरपुर। बीआरएबीयू में सहायक प्राध्यापकों को सीनियर स्केल में प्रमोशन दिया गया। विवि ने सोमवार को इसकी अधिसूचना जारी कर दी। भूगोल के 14, संस्कृत में 5, मैथिली में 2, उर्दू में 6, अर्थशास्त्र 28, गणित में 10, जूलाजी में 9, होमसाइंस में 15, हिन्दी में 27, कॉमर्स में 10, फिजिक्स में 19, पोल साइंस में 25, इंगलिश में 16, फिलास्फी में 14, केमिस्ट्री में 15 का प्रमोशन हुआ है।

## स्नातक में आवेदन का आज अंतिम दिन

मुजफ्फरपुर। स्नातक में आवेदन के लिए मंगलवार को अंतिम दिन है। 10 जून तक छात्रों को आवेदन करना था। बीआरबीयू में स्नातक में अब तक 1 लाख 53 हजार आवेदन आ चुके हैं। आवेदन की समय सीमा पूरी होने के बाद 12 जून से मेरिट लिस्ट तैयार करने की प्रक्रिया की जायेगी। मेरिट लिस्ट के बाद नामांकन में कम से कम दस दिन का समय दिया जायेगा।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

**HINDUSTAN, MUZAFFARPUR**
**DATE: 10.06.2025, PAGE-06**



विश्वविद्यालय के परीक्षा भवन से सोमवार को पीजी की परीक्षा देकर निकलते परीक्षार्थी।

## पीजी प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा शुरू

मुजफ्फरपुर। बीआरएबीयू में पीजी प्रथम सेमेस्टर की परीक्षा सोमवार से शुरू हुई। परीक्षा में 11 हजार परीक्षार्थी शामिल हो रहे हैं। पहले दिन परीक्षा नियंत्रक डॉ. सुबा लाल पासवान ने परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया। परीक्षा का केंद्र विवि परीक्षा भवन बनाया गया है। परीक्षा के लिए सभी विषयों को आठ समूहों में बांटा गया है। परीक्षा दो जुलाई तक चलेगी। पहले दिन ग्रुप ए और बी की परीक्षा हुई।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR
**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**
**PIN-842001 (BIHAR)**
**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**

## DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE:10.06.2025, PAGE-06

# स्नातक में नामांकन के लिए आवेदन की अंतिम तिथि आज, इस महीने प्रक्रिया होगी पूरी

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर : बीआरए बिहार विश्वविद्यालय की ओर से स्नातक में दाखिले के लिए मंगलवार को आनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि है। विश्वविद्यालय के पोर्टल पर अब तक 1.53 लाख से अधिक विद्यार्थियों ने फीस के साथ फार्म को फाइनल सब्मिट किया है। 10 हजार से अधिक विद्यार्थियों ने रजिस्ट्रेशन व अन्य प्रक्रियाएं पूरी कर

**1.53 लाख से अधिक विद्यार्थियों ने फीस के साथ फार्म को फाइनल सब्मिट किया, 10 हजार ने प्रक्रिया पूरी की, लेकिन फीस नहीं भरी**

रखी हैं, लेकिन फीस का भुगतान नहीं किया है। भुगतान के बाद ही उनका आवेदन स्वीकृत माना जाएगा। बताया जा रहा कि 30 प्रतिशत से अधिक आवेदन सिर्फ इतिहास विषय के लिए हैं। आधा दर्जन से अधिक विषयों में नामांकन को लेकर मारामारी है। वहीं सात विषयों में आवेदन की स्थिति नगण्य है। 10 जून तक आवेदन लेने के बाद अगले सप्ताह में पहली मेधा सूची जारी की जाएगी। सूची के आधार पर ही नामांकन होगा। विश्वविद्यालय ने स्पष्ट कर दिया कि आवंटित कालेज में ही विद्यार्थियों को नामांकन लेना होगा। नामांकन नहीं लेने की स्थिति दावा खारिज कर दिया जाएगा। रिक्त सीटों के आधार पर दूसरी और तीसरी सूची भी जारी होगी। इस महीने में नामांकन की प्रक्रिया पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। वहीं विश्वविद्यालय की ओर से कहा गया कि विद्यार्थियों ने आनलाइन आवेदन के समय जो जानकारी दी, उसी के अनुसार नामांकन के समय कागजात प्रस्तुत करना होगा।

## DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR
## DATE: 10.06.2025, PAGE-06

# बीआरएबीयू ने 17 विषयों के 250 शिक्षकों को प्रमोशन की अधिसूचना जारी की

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर : बीआरए बिहार विश्वविद्यालय प्रशासन ने 17 विषयों के 250 से अधिक शिक्षकों के प्रमोशन की अधिसूचना जारी कर दिया है। शिक्षकों को 2023 से, तो कइयों को 2022 से प्रमोशन दिया गया है। कुलपति के आदेश पर सोमवार को कुलसचिव की ओर से अधिसूचना जारी की गई। सिंडिकेट से पहले ही अनुमोदन मिल गया है। उधर, शिक्षक संघ द्वय बुटा-बुस्टा के शीर्ष नेतृत्व ने विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से सिंडिकेट से अनुमोदित प्रमोशन की अधिसूचना जारी करने पर खुशी जाहिर की। वही विश्वविद्यालय प्रशासन के प्रति भी आभार जताया। बुटा के संरक्षक सह विधान पार्षद प्रो. संजय कुमार सिंह सहित बुटा अध्यक्ष प्रो. अरुण कुमार व महासचिव डा. सुनील कुमार सिंह और बुटा कार्यकारी अध्यक्ष प्रो.जयकांत सिंह व महासचिव प्रो. रमेश प्रसाद गुप्ता ने पूर्ण प्रोन्नत सभी शिक्षकों को विशेष तौर पर बधाई दी।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**

## PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR
## DATE: 10.06.2025, PAGE-04

### अबतक 1.53 लाख छात्र-छात्राओं ने पोर्टल पर किया है आवेदन

# स्नातक में दाखिले के लिए आज आवेदन की अंतिम तिथि

**पहली मेधा सूची अगले सप्ताह तक जारी करेगा विश्वविद्यालय**

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

बीआरए बिहार विश्वविद्यालय की ओर से स्नातक में दाखिले के लिए मंगलवार को ऑनलाइन आवेदन की आखिरी तिथि है. सोमवार की शाम तक विश्वविद्यालय के पोर्टल पर कुल 1.53 लाख से अधिक छात्र-छात्राओं ने फीस का भुगतान कर फॉर्म को फाइनल सब्मिट किया था. 10 हजार से अधिक विद्यार्थियों ने रजिस्ट्रेशन व अन्य प्रक्रियाएं पूरी कर रखी हैं पर फीस का भुगतान नहीं किया है. भुगतान करने के बाद ही उनका आवेदन स्वीकृत माना जाएगा. अबतक प्राप्त हुए कुल आवेदनों में से 30 प्रतिशत से अधिक आवेदन इतिहास विषय के लिए आए हैं. करीब आधा दर्जन विषयों के लिए सबसे अधिक आवेदन हैं. वहीं सात विषयों में आवेदन की स्थिति बेहद खराब है. विश्वविद्यालय की ओर से कहा गया है कि 10 जून तक आवेदन लेने के बाद अगले सप्ताह में पहली मेधा सूची जारी की जाएगी. आवंटित कॉलेजों में छात्र दाखिला लेंगे. इसके बाद रिक्त सीटों पर दूसरी और तीसरी सूची भी जारी होगी. इस महीने में नामांकन की प्रक्रिया पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है. जुलाई में कक्षाओं का संचालन शुरू किया जाएगा. विश्वविद्यालय की ओर से कहा गया कि आवंटित कॉलेज में ही विद्यार्थियों को दाखिला लेना होगा. यदि वे नामांकन नहीं लेते हैं तो दावा मान्य नहीं होगा.

**आवेदन के समय दिए गए विवरण का नामांकन में देना होगा प्रमाण :** विश्वविद्यालय की ओर से निर्देश दिया गया है कि छात्र-छात्राओं ने ऑनलाइन आवेदन के समय जो विवरण दिया है, नामांकन के समय संबंधित कॉलेजों में इसका साक्ष्य प्रस्तुत करना होगा. कॉलेजों को कहा गया है कि यदि विद्यार्थियों के पास आवेदन से संबंधित प्रमाणपत्र नहीं होता है तो उनका नामांकन नहीं लेना है. पिछले वर्ष भी मेधा सूची में आने के लिए कई विद्यार्थियों ने कोटि का गलत विकल्प डाल दिया था. जबकि उनके पास संबंधित कोटि का प्रमाणपत्र ही नहीं था.

## विश्वविद्यालय ने 17 विषयों के 259 शिक्षकों को दी प्रोन्नति

- रजिस्ट्रार ने जारी की अधिसूचना, सबसे अधिक मनोविज्ञान में 33 शिक्षकों को मिला प्रोमोशन

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

बीआरए बिहार विश्वविद्यालय ने 17 विषयों के 259 शिक्षकों को एकेडमिक लेवल-2 में पदोन्नति दी है. विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ संजय कुमार ने सोमवार को इसकी अधिसूचना जारी की है. सहायक प्राध्यापक के सीनियर स्केल में एकेडमिक लेवल-2 में शिक्षकों को प्रमोट किया गया है. सबसे अधिक 33 शिक्षक मनोविज्ञान विषय के हैं. इतिहास के 21, कॉमर्स के 10, अर्थशास्त्र के 28, दर्शनशास्त्र के 14, राजनीति विज्ञान के 25, रसायनशास्त्र के 15, भौतिकी के 19, बॉटनी और गणित के 10-10, अंग्रेजी के 16, हिंदी के 27, मैथिली के 2, समाजशास्त्र के 1, गृहविज्ञान के 15, इलेक्ट्रॉनिक्स के 2 और लॉ के एक सहायक प्राध्यापक को प्रोन्नति दी गयी है.

**शिक्षक संघ ने जताया हर्ष :** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय शिक्षक संघ द्वय बुटा-बुस्टा के शीर्ष नेतृत्व ने शिक्षकों की सिंडिकेट से अनुमोदित प्रोन्नति की अधिसूचना जारी करने पर हर्ष जताया है. इसके लिए शिक्षकों की निरंतर एकजुटता के प्रति भरोसा जताया है. शिक्षक संघ द्वय बुटा के संरक्षक सह विधान पार्षद प्रो.संजय कुमार सिंह, बुटा अध्यक्ष प्रो.अरुण कुमार व महासचिव डॉ सुनील कुमार सिंह एवं बुटा कार्यकारी अध्यक्ष प्रो.जयकांत सिंह व महासचिव प्रो.रमेश प्रसाद गुप्ता ने प्रोन्नत सभी शिक्षकों को बधाई दी है.